# प्रतिवेदन

परियोजना का नामः– जनपद अल्मोड़ा में विकास खण्ड सल्ट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत रतखाल से खाल्यूँ (सीमा– रिष्टना) मोटर मार्ग का नव निर्माण।

लम्बाई :– 8.300 किमी0।

जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड सल्टमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत रतखाल से खाल्यूँ (सीमा– रिष्टना) मोटर मार्ग का नव निर्माण हेतु शासनादेश संख्या 285/पी3–14/ यू0आर0आर0डी0ए0/13 दिनांक 15.05.2013 द्वारा 8.300 किमी0 लम्बाई हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसके क्रम में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कराया जाना है।

यह मार्ग बरकिन्डा–मानिला–डोटियाल मोटर मार्ग के कि0मी0 27.000 से प्रारम्भ हो कर बूँगीधार तक जाता है यह मार्ग 100.00 मी0 लम्बाई में आरक्षित वनभूमि, 4460 मी0 लम्बाई में सिविल भूमि एवं 3740 मी0 लम्बाई में नापभूमि से होकर गुजरता है।

इस मार्ग के निर्माण से ग्राम सभा **बूँगीधार (जनसंख्या 143)** प्रत्यक्ष रुप से लाभान्वित होगी। मार्ग निर्माण 7.00 मी0 की चौड़ाई में किया जायेगा, इस हेतु मार्ग पर पड़ने वाले मोड़ों एवं हेयरपिन बैण्ड पर अधिक चौड़ाई की आवश्यकता पड़ने के कारण मार्ग निर्माण हेतु 9 मी0 की चौड़ाई में वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्तावित किया गया है।

मार्ग निर्माण हेतु समस्त ग्रामवासियों से विचार–विमर्श कर एवं मार्ग में पड़ने वाले पेड़ो की संख्या न्यूनतम रखते हुए समरेखन तैयार किया गया है, जो कि अधीक्षण अभियन्ता महोदय से स्वीकृत है। इस मार्ग हेतु अन्य कोई वैकल्पिक समरेखन उपयुक्त नही है। मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगार से संबंधित सुविधाओं को प्राप्त करने में सुगमता प्राप्त होगी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी ग्रामवासियों को प्रभावी तरीके से प्राप्त हो सकेगा।

अतः प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है।

(इं0 हेमराज)
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 सल्ट

(इं0 एम0सी0 पाण्डेय)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 सल्ट